हैदराबाद ने तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड

कोहली और डुप्लेसिस ने दिलाई आरसीबी को तेज शुरुआत

नई दिल्ली, 15 अप्रैल. टॉस हारने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 287 रन बना दिए हैं. ये आईपीएल के इतिहास में किसी टीम द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर बन गया है. अब आरसीबी को जीत के लिए 288 रन बनाने होंगे.

एसआरएच की शुरुआत ही ताबड़तोड़ अंदाज में हुई क्योंकि अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने 8वें ओवर में ही टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचा दिया था. हैदराबाद की ओर से सबसे ज्यादा रन ट्रेविस हेड ने बनाए. उन्होंने मात्र 39 गेंद में शतक पूरा किया और अपनी 41 रन की पारी में 102 रन बनाए. हेड ने इस दौरान 9 चौके और 8 छक्के भी लगाए. हेनरिक क्लासेन के बल्ले ने भी जमकर आग उगली क्योंकि उन्होंने 23 गेंद में अर्धशतक पूरा कर लिया था. क्लासेन ने 2 चौके और 7 छक्कों से सुसज्जित 31 गेंद की पारी में 67 रन बनाए. एक छोर से आरसीबी के सभी गेंदबाजों की जमकर कुटाई हो रही थी.

एसआरएच पहले 10 ओवर में ही 128 रन बना चुकी थी और अगले 10 ओवर में भी रन गति कम नहीं हुई. असल में 11वें ओवर के बाद ऐसा कोई ओवर रहा ही नहीं, जिसमें 10 से कम रन आए हों. हैदराबाद की पारी में शुरुआत में अभिषेक शर्मा ने भी 22 गेंद में 34 रन का योगदान दिया था.

आरसीबी के गेंदबाजों की जमकर कुटाई

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में आरसीबी के हर एक गेंदबाज की जमकर धुनाई हुई. लॉकी फर्ग्यूसन ने अपने वापसी मैच में 2 विकेट जरूर लिए, लेकिन 4 ओवर में 52 रन भी लुटाए. रीस टॉप्ली ने भी एक विकेट चटकाया, लेकिन उनके 4 ओवरों में 68 रन आए. वहीं विजय कुमार विषक और यश दयाल ने भी अपने-अपने 4 ओवरों में 50 से अधिक रन लुटा दिए थे. आरसीबी का ऐसा कोई गेंदबाज नहीं रहा, जिसने 10 से कम इकॉनमी रेट से रन दिए हों.

माइकोलास ने चक्का फेंक में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया

अमेरिका, 15 अप्रैल. लिथुआनिया के माइकोलास एलेकना ने ओकलाहोमा थ्रो सीरीज प्रतियोगिता में चक्का फेंक में 1986 में बना विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया.इक्कीस साल के माइकोलास ने रविवार को चक्के को 243 फीट 11 इंच (74.35 मीटर) की दूरी तक फेंका और छह जून 1986 को बनाए जर्मनी के जुर्गेन शुल्ट के 243 फीट (74.08 मीटर) के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा.माइकोलास के थ्रो को शुरू में 244 फीट एक इंच (74.41 मीटर) मापा गया था लेकिन विश्व एथलेटिक्स के अनुसार बाद में इसे संशोधित किया गया. इस रिकॉर्ड की हालांकि अभी पुष्टि होना बाकी है.

गार्नब्रेट ने जीता महिला वर्ग का खिताब

दूसरी बार चढ़ाई विश्व कप में हासिल की जीत

सूज़ौ, 15 अप्रैल स्लोवेनिया की जंजा गार्नब्रेट ने रविवार को यहां 2024 आईएफएससी क्लाइंबिंग विश्व कप में महिला वर्ग का स्वर्ण पदक जीता, जबकि ब्रिटेन के टोबी रॉबर्ट्स ने पुरुष वर्ग का खिताब जीता.

शाओक्सिंग केकियाओ में बोल्डर वर्ग में खिताब जीतने के कुछ ही दिनों बाद ओलंपिक चैंपियन ने सीज़न-ओपनिंग लीड प्रतियोगिता जीती.गार्नब्रेट आठ फाइनलिस्टों में से एकमात्र एथलीट थीं जिन्होंने शीर्ष स्थान हासिल किया और विश्व कप स्वर्ण पदक जीता. 25 वर्षीय खिलाड़ी ने एक दिन पहले सेमीफाइनल में भी यही उपलब्धि हासिल की थी.

जीत के बाद गार्नब्रेट ने सिन्हुआ के हवाले से कहा, बोल्डर के साथ मेरी शुरुआत अच्छी रही और मुझे उम्मीद थी कि लीड के साथ भी मेरी वही स्थिति होगी, और मुझे लगता है कि मेरी लीड का आकार बोल्डर जितना ही अच्छा है,मैं अब घर वापस जाने और इंसब्रुक में विश्व कप के लिए लौटने से पहले कुछ और प्रशिक्षण लेने के लिए उत्साहित हूं.पुरुष वर्ग के फाइनल में रॉबर्ट्स ने स्वर्ण पदक हासिल किया.

रेप्सोल होंडा टीम के लिए मिलाजुला सप्ताहांत

लुका मारिनी ने 15वें स्थान पर रहकर अंक हासिल किए

- मारिनी ने अंक हासिल किए
- मीर दुर्घटना में बाल-बाल बचे
- स्पेन में होने वाली ग्रां प्री के लिए तैयार

ऑस्टिन, 15 अप्रैल टेक्सास में रेप्सोल होंडा टीम के लिए एक कठिन सप्ताहांत समाप्त हो गया क्योंकि लुका मारिनी ने अंकों के लिए संघर्ष किया और जोन मीर एक मध्य-दौड़ दुर्घटना में घायल होने से बच गए.

ऑस्टिन, टेक्सास के बाहरी इलाके में रविवार दोपहर को अमेरिका के 20-लैप ग्रैंड प्रिक्स के लिए मोटोजीपी ग्रिड के लाइन में खड़े होने पर ऊपर बादलों ने चिलचिलाती धूप का रास्ता दे दिया. लुका मारिनी और जोन मीर दोनों दूसरी दौड़ का अधिकतम लाभ उठाने और जापान में एचआरसी के इंजीनियरों के लिए जानकारी एकत्र करना जारी रखने के लिए उत्सुक थे. दौड़ शुरू होते ही मारिनी के बढ़त हासिल करने के साथ शुरुआती लैप के मुकाबले में यह जोड़ी शुरुआती स्थान के लिए दौड़ती रही.

लुका एक बार फिर दौड़ में शीर्ष होंडा रहे क्योंकि उन्होंने अपने आप को शांत रखा जबकि उनके आसपास के लोग लड़खड़ा रहे थे. जैसे-जैसे दौड़ आगे बढ़ी, लगातार प्रगति करते हुए और अपने लैप समय में सुधार करते हुए, #10 ने अपनी गति बनाई. जैसे ही दौड़ अपने अंतिम चरण में पहुंची, इटालियन ने ठीक हो रहे एलेक्स को रोकने पर ध्यान केंद्रित किया क्योंकि इस जोड़ी ने इसे 15वें स्थान पर धकेल दिया. एक होंडा राइडर के रूप में अपना पहला अंक एक सेकंड से कम चूकने के बाद, मारिनी फिर से अपनी समझ को गहरा करने के लिए पूरी दौड़ दूरी को पूरा करने में सक्षम हो गया.

मोहन बागान और मुंबई सिटी आमने-सामने

साल्ट लेक स्टेडियम में होगा मुकाबला

कोलकाता, 15 अप्रैल मोहन बागान सुपर जायंट और मुम्बई सिटी एफसी के बीच सोमवार यहां साल्ट लेक स्टेडियम में वर्चस्व की जंग होगी, जो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 का लीग विनर तय करेगी.

मुम्बई (आइलैंडर्स) ने अपने पिछले सभी पांच गेम जीते और 21 मैचों में 47 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर हैं. उनके ठीक पीछे मोहन बागान सुपर जायंट (मैरिनर्स) हैं, जिनके 21 मैचों में 45 अंक हैं. यहां जीत से मैरिनर्स के 48 अंक हो जाएंगे और वें आइलैंडर्स को पछाड़कर लीग विनर बन जाएंगे.

मैरिनर्स की हार से आइलैंडर्स पांच अंकों के अंतर से लीग विनर शील्ड उठा लेंगे.

आलोचना मुंबई की हार के बाद हार्दिक पंड्या की कप्तानी पर उठाए सवाल

गावस्कर ने हार्दिक पंड्या की कप्तानी की आलोचना की

- 6 मैचों में 4 हार का करना पड़ा सामना
- प्लान बी लागू करने की दिखी कमी
- पोलार्ड ने हार्दिक का किया बचाव

मुम्बई 15 अप्रैल (वार्ता) भारत के पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर सहित विशेषज्ञों ने मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या की आलोचना करते हुए कहा कि उनकी साधारण कप्तानी और गेंदबाजी के कारण उनकी टीम को चौथी हार का सामना करना पड़ा है.



पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने हार्दिक पंड्या की कप्तानी की कठोर शब्दों में आलोचना करते हुए कहा, उनकी कप्तानी और गेंदबाजी दोनों साधारण रही. उन्होंने अंतिम ओवर में महेन्द्र सिंह धोनी की स्लॉट में कमजोर फुलटॉस और लेंथ गेंदें की, जिसके कारण गेंद बाउंड्री पार छक्के के लिए गई. मुम्बई की टीम आराम से चेन्नई को 185-190 पर रोक सकती थी, लेकिन अंतिम ओवर प्रमुख अंतर साबित हुआ.'

मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में मुम्बई के बल्लेबाजी कोच कायरप पोलार्ड भी अपने कप्तान के बचाव करते कहा, क्रिकेट में आपके लिए अच्छे और बुरे दिन आते रहते हैं. क्रिकेट एक टीम गेम है और इसमें किसी एक व्यक्ति पर सवाल उठाना तार्किक नहीं है. मैं इन सबसे तंग आ चुका हूं. वह व्यक्ति अगले छह सप्ताह में अपने देश की तरफ़ से खेलने जा रहा है. वह व्यक्ति भारत के सबसे बड़े ऑलराउंडर्स में से एक है. वह बल्लेबाज़ी, गेंदबाज़ी और फ़ील्डिंग सब कर लेता है. वह एक्स-फ़ैक्टर है और मुझे पता है कि अगले कुछ मैचों में जब वह वापसी करेगा तो सभी फिर से उनकी प्रशंसा करने लगेंगे. उल्लेखनीय है कि मुंबई इंडियंस की चेन्नई सुपर किंग्स पर 20 रनों की बड़ी हार के बाद विशेषज्ञों ने हार्दिक पंड्या की कप्तानी पर सवाल उठाए हैं. यह छह मैचों में मुम्बई की चौथी हार है. इस मैच के दौरान हार्दिक ने चेन्नई की पारी का अंतिम ओवर लेकर आए और 26 रन लुटा दिए.

मेजर लीग में खेलेंगे ट्रैविस हेड

मुम्बई 15 अप्रैल (वार्ता) ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ बल्लेबाज ट्रैविस हेड टी-20 विश्व कप के बाद आराम करने की बजाय मेजर लीग क्रिकेट के दूसरे सत्र में खेलने के लिए स्टीवन स्मिथ के जुड़ेंगे.हेड इस समय सनराइजर्स हैदराबाद के साथ आईपीएल में खेल रहे हैं. अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप 29 जून को समाप्त होगा. उन्होंने टी-20 विश्वकप के बाद ऑस्ट्रेलिया में आराम करने की बजाय वाशिंगटन फ्रीडम के साथ अनुबंध करके मेजर लीग में खेलने का विकल्प चुना है. टी-20 विश्वकप के बाद सितंबर में इंग्लैंड के सफेद गेंद दौरे तक ऑस्ट्रेलिया का कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं है.

व्यापार

मार्च में थोक मुद्रा स्फीति बढ़कर 0 .53 प्रतिशत हुई

नयी दिल्ली, 15 अप्रैल (वार्ता) थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रा स्फीति मार्च में बढ़ कर 0.53 प्रतिशत हो गयी, जो तीन महीने का इसका उच्चतम स्तर है.

फरवरी में थोक मुद्रास्फीति 0.20 प्रतिशत थी. सोमवार को जारी वाणिज्य मंत्रालय के मासिक आंकड़ों के मुताबिक मार्च में प्याज आलू और अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी के कारण थोक मुद्रा स्फीति का दबाव बढ़ा. मार्च में खाद्य वस्तुओं की थोक मुद्रा स्फीति 4.65 प्रतिशत रही.मार्च में प्राथमिक खाद्य वस्तुओं के अलावा औषधियों, वनस्पति से बने उत्पादों, लकड़ी और लकड़ी से बने सामान तथा चार्म उद्योग के उत्पादों और कुछ अन्य विनिर्मित वस्तुओं की थोक कीमतों में वृद्धि दर्ज की गयी.मार्च में प्याज के दाम पिछले साल से करीब 57 प्रतिशत और आलू के भाव 53 प्रतिशत ऊपर चल रहे थे जबकि पिछले साल मार्च में प्याज की थोक कीमतें 37 प्रतिशत कम हुयी थी और आलू थोक बाजार में सालाना आधार पर 25.59 प्रतिशत नीचे बिक रहा था.मार्च में प्राथमिक वस्तुओं की थोक मुद्रास्फीति 4.51 प्रतिशत रही.ईंधन और बिजली वर्ग तथा विनिर्मित उत्पादों में थोक भाव पिछले साल से क्रमश: 0.77 प्रतिशत और 0.85 प्रतिशत कम रहे.

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 930 अंक की भारी गिरावट के साथ 73,315 .16 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 74 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे ही रहा. कारोबार के दौरान लिवाली होने से दोपहर से पहले यह 73,905 .80 अंक के उच्चतम जबकि बिकवाली के दबाव में कारोबार के अंतिम चरण में 73,315 .16 अंक निचले स्तर पर रहा. अंत में पिछले दिवस के 74,244 .90 अंक के मुकाबले 1.14 प्रतिशत लुढ़ककर 73,399 .78 अंक पर रहा.

अंबुजा सीमेंट्स ने माई होम ग्रुप की ग्राइंडिंग कारोबार का अधिग्रहण किया

नयी दिल्ली, 15 अप्रैल (वार्ता) अदाणी समूह के नियंत्रण वाली अंबुजा सीमेंट्स ने तूतीकोरिन में माई होम ग्रुप की 15 लाख टन वार्षिक सीमेंट ग्राइंडिंग इकाई को 413.75 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने का करार किया है.कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि तूतीकोरिन बंदरगाह के पास स्थित यह इकाई तमिलनाडु और केरल के दक्षिणी बाजारों में अंबुजा की उपस्थिति को बढ़ाएगी. यह संयंत्र कच्चे माल की सोर्सिंग के लिए दीर्घकालिक फ्लाई ऐश आपूर्ति समझौते के साथ 61 एकड़ भूमि में फैला हुआ है.

खाद्य तेलों में उबाल, दालें हुईं महंगी

नयी दिल्ली 15 अप्रैल (वार्ता) विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आवक के मुकाबले उठाव अधिक होने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में उबाल आ गया तथा दालें भी महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा.

तेल-तिलहन - वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 93 रिंगिट गिरकर 4405 रिंगिट प्रति टन रह गया. वहीं, अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायद 0.20 सेंट की तेजी के साथ 46.09 सेंट प्रति पौंड बोला गया.इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में तेजी का रुख रहा. सरसों तेल 74 रुपये, सूरजमुखी तेल 74 रुपये, सोया रिफाइंड 220 रुपये और वनस्पति तेल 133 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया. वहीं, मूंगफली तेल और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ. **गुड़-चीनी**-मीठे के बाजार में स्थिरता रही. इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे.दाल-दलहन -दाल-दलहन बाजार में दालों के भाव चढ़ गए. इस दौरान चना 250 रुपये, दाल चना 250 रुपये, मसूर दाल 50 रुपये और मूंग दाल 50 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई.

पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

नयी दिल्ली 15 अप्रैल (वार्ता) अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी गिरावट के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे.

जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे.तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है. दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा. वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 1.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84.77 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया.



देश के चार महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत इस

महानगर	पेट्रोल	डीजल (रुपये प्रति लीटर)
दिल्ली	94.72	87.62
मुंबई	104.21	92.15
चेन्नइ	100.75	92.34
कोलकाता	103.94	90.76

बाजारों में गिरावट, सेंसेक्स 929 .74 अंक लुढ़का

मुंबई,15 अप्रैल पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष तथा वैश्विक बाजारों के कमजोर रुझानों के बीच घरेलू सूचकांकों में सोमवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट आई और सेंसेक्स 929.74 अंक टूट गया.बीएसई का 30 शेयर वाला सूचकांक सेंसेक्स 929.74 अंक गिरकर 73,315.16 अंक पर पहुंच गया. एनएसई निफ्टी 216.9 अंक फिसलकर 22,302.50 अंक पर रहा. सेंसेक्स में सूचीबद्ध कंपनियों में टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस और एशियन पेंट्स के शेयरों को सबसे अधिक नुकसान हुआ.

दीपिका के ब्रांड '82एश्व' ने की रिलायंस रिटेल के 'टीरा' संग साझेदारी

मुंबई, 15 अप्रैल ग्लोबल इंडियन आइकॉन दीपिका पादुकोण के सेल्फ-केयर ब्रांड 82एश्व ने आज रिलायंस रिटेल के ब्यूटी प्लेटफॉर्म टीरा के साथ साझेदारी की घोषणा की.

दीपिका का ब्रांड अब टीरा के ऑनलाइन और ऑफलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा. 82एश्व स्किनकेयर और बॉडी केयर प्रोडक्ट के साथ पुरुषों के लिए भी एक खास रेंज लेकर आया है. जिसमें अश्वगंधा बाउंस, लोटस स्पलैश और हल्दी शील्ड जैसे सबसे ज्यादा बिकने वाले उत्पाद टीरा पर उपलब्ध होंगे. टीरा ऐप, वेबसाइट से इन्हें खरीदा जा सकता है. शुरूआत में 82एश्व के प्रोडक्ट मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और पुणें में टीरा ऑफलाइन स्टोर्स पर उपलब्ध होंगे. जिन्हें बाद में अन्य शहरों में भी उपलब्ध कराया जाएगा. रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक, ईशा एम अंबानी ने कहा, हम 82एश्व के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं.जो सेल्फ केयर का एक प्रसिद्ध ब्रांड है. यह साझेदारी टीरा के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाती है और हमें अपने ग्राहकों को प्रीमियम स्कीन केयर प्रोडक्ट्स पहुंचाने में मदद करती है. साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य पहली बार ऑफलाइन रिटेल में 82एश्व उत्पादों को पेश करना है. फिल्मस्टार और 82एश्व की सह-संस्थापक, दीपिका पादुकोण ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि 82एश्व अब टीरा के ऑनलाइन और स्टोर्स पर उपलब्ध है. स्किन केयर को सरल बनाना और सेल्फ केयर को हमारे रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बनाना हमारा उद्देश्य है.

टीरा के ऑनलाइन और ऑफलाइन प्लेटफॉर्म पर हम 82एश्व के बेस्टसेलर प्रोडक्ट जैसे 82एश्व स्किनकेयर, 82एश्व बॉडी केयर और 82एश्व मैन लेकर आ रहे हैं. उपभोक्ता टीरा ऐप, वेबसाइट और चुनिंदा टीरा स्टोर्स से 82एश्व प्रोडक्ट्स को खरीद सकते हैं. स्टोर्स जिनपर प्रोडक्ट उपलब्ध हैं.जियो वर्ल्ड ड्राइव, मुंबई, विवियाना मॉल, ठाणे, मुंबई कोपा, पुणे मॉल ऑफ एशिया, बेंगलुरु डीएलएफ साकेत, नई दिल्ली.